UP Board Solutions for Class 6 Geography Chapter 10 भारत : मृदा, वनस्पति एवं वन्य-जीव

● आपने भारत में पाए जाने वाले वनों के बारे में जाना। क्या आप बता सकते हैं कि वनों, पेड़-पौधों से हमें क्या लाभ हैं?
उत्तर
वनों और पेड़-पौधों से हमें अनेक लाभ हैं। पेड़ों की कटाई रोकनी चाहिए, साथ ही और पेड़ लगाने चाहिए, जिससे पृथ्वी को हरा-भरा रखा जा सके। ऐसा करने से हम सभी स्वस्थ रह सकेंगे।

- अनेक उद्योग चलाने हेतु (कागज, दियासलाई, साबुन, बूट पॉलिश आदि)
- वायु को शीतल एवं मिट्टी को नम रखने में सहायता करते हैं।
- वर्षा कराने में सहायता करते हैं।
- बाढ़ को रोकते हैं।

● चित्र (10.10) को देखकर अपनी अभ्यास-पुस्तिका में पालतू जानवरों एवं जंगली जानवरों की सूची बनाइए (सूची बनकर)-
उत्तर
पालतू जानवर – कुत्ता, गाय, भैंस, घोड़ा एवं बकरी ।
जंगली जानवर – बन्दर, गैंडा, चीता, खरगोश, बाघ एवं हाथी

● मानचित्र (10.10) को देखकर हमारे देश भारत में स्थित राष्ट्रीय उद्यानों, पक्षी-विहारों तथा अभयारण्यों की सूची अपनी अभ्यास-पुस्तिका पर बनाइए। इनके सामने सम्बन्धित प्रदेश का नाम भी लिखिए।
उत्तर

राष्ट्रीय उद्यान का नाम	स्थान का नाम
गिर राष्ट्रीय उद्यान	गुजरात
संजय गाँधी राष्ट्रीय उद्यान	महाराष्ट्र
कान्हा राष्ट्रीय उद्यान	मध्य प्रदेश
सिमलीपाल राष्ट्रीय उद्यान	ओड़िशा
काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान	असम
जिम कॉरबेट राष्ट्रीय उद्यान	उत्तराखण्ड
बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान	कर्नाटक
दुधवा राष्ट्रीय उद्यान	उत्तर प्रदेश

अभयारण्य का नाम	स्थान का नाम
राजाजी अभयारण्य	उत्तराखण्ड
सरिस्का अभयारण्य	राजस्थान
मानस अभयारण्य	असम
चन्द्रप्रभा अभयारण्य	उत्तर प्रदेश

पक्षी-विहार का नाम	स्थान का नाम
भरतपुर पक्षी-विहार	राजस्थान

अभ्यास

प्रश्न 1.
निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए-
(क) भारत में पाई जाने वाली मिट्टियों के नाम लिखिए।
उत्तर
जलोढ़ मृदा, काली मृदा, लाल-पीली मृदा, लेटराइट मृदा, मरुस्थलीय या शुष्क मृदा, पर्वतीय मृदा।।

(ख) सदाबहार वनों एवं मानसूनी वनों में क्या अन्तर है?
उत्तर
सदाबहार वन एवं मानसूनी वन में निम्नलिखित अन्तर हैं-

सदाबहार वन	मानसूनी वन
1. ये वन अधिक वर्षा (200 सेमी से अधिक) वाले क्षेत्रों में पाए जाते हैं।	1. ये वन सामान्य वर्षा (100 से 200 सेमी) वाले क्षेत्रों में पाए जाते हैं।
2. ये वन बहुत घने होते हैं।	2. ये वन अपेक्षाकृत कम घने होते हैं।
3. ये वन देश के पश्चिमी घाट तथा उत्तर पूर्वी भागों में पाए जाते हैं।	3. ये वन हिमालय की शिवालिक श्रेणी से लेकर पश्चिमी घाट की पूर्वी ढलानों तक फैले हैं।
4. इन वनों के वृक्ष, वर्षा के अलग-अलग समय में अपनी पत्तियाँ गिराते हैं, जिससे ये वन हमेशा हरे-भरे दिखाई देते हैं।	4. इन वनों के वृक्ष वर्ष के एक निश्चित समय (अधिकांशतः ग्रीष्म ऋतु) में अपनी पत्तियाँ गिरा देते हैं।
5. इन वनों के मुख्य वृक्ष हैं– महोगनी, एबोनी, रबड़, रोडवुज आदि।	5. इन वनों के मुख्य वृक्ष हैं– सागवान, साल, आबनूस, पीपल, नीम, शीशम, शहतूत आदि।

(ग) आपके क्षेत्र में किस प्रकार की वनस्पति पाई जाती है? मुख्य वृक्षों के नाम भी लिखिए।
उत्तर
हमारे क्षेत्र में मानसूनी वनस्पतियाँ पाई जाती है। यहाँ के मुख्य वृक्ष हैं- सागवान, साल, आबनूस, पीपल, नीम, बरगद, शीशम, शहतूत आदि।

(घ) आँगन में लगा आम का पेड़ आपके लिए किस-किस रूप में उपयोगी हो सकता है?
उत्तर
आँगन में लगा आम का पेड़ हमारे लिए निम्नलिखित रूप से उपयोगी हो सकते हैंइनसे पके फल-मिलते हैं तथा कच्चे फल से अचार एवं चटनियाँ बनती हैं। सूखी लकड़ियों का उपयोग हवन में तथा ईंधन के रूप में करते हैं। इनके पत्तों (पल्लवों) का उपयोग पूजा-पाठ में होता है। इनके आँगन में होने से आसपास का वातावरण भी स्वच्छ रहता है।

https://www.evidyarthi.in/

(ङ) किन्हीं पाँच पालतू पशुओं से होने वाले लाभों को लिखिए।
उत्तर

पालतू पशु	लाभ
कुत्ता	घर की रखवाली करता है।
गाय, भैंस	दूध प्राप्त होता है तथा गोबर का उपयोग खाद के रूप में होता है।
बैल	खेती के काम आता है।
बकरी	दूध तथा मांस प्राप्त होता है।
घोड़ा	सवारी के रूप में प्रयोग होता है।

(च) राष्ट्रीय उद्यान एवं अभयारण्य में क्या अन्तर है?
उत्तर
राष्ट्रीय उद्यान – वह क्षेत्र जहाँ शिकार और चराई पूर्णतया बन्द होता है, राष्ट्रीय उद्यान । कहलाता है। जैसे– जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान, काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान आदि।
अभयारण्य – वह क्षेत्र जहाँ अनुमति के आधार पर नियंत्रित चराई की जा सके अभयारण्य कहलाता है। जैसे- सरिस्का, चन्द्रप्रभा आदि।

(छ) वन्य-जीव हमारे लिए किस तरह उपयोगी हैं? लिखिए।
उत्तर
वन्य जीव हमारे लिए निम्नलिखित रूप से उपयोगी हैं
(1) वन्य जीव खाद्य श्रृंखला की एक महत्त्वपूर्ण कड़ी हैं। ये अपने से कमजोर जीवों को खाकर प्राकृतिक सन्तुलन बनाए रखते हैं।

प्रश्न 2.
सही विकल्प के सामने ✓ का चिह्न लगाएँ|
(क) कपास के लिए उपयुक्त मृदा है
• जलोढ़।
• काली ✓
• लेटराइट

(ख) रबड़ किस प्रकार के वनों का मुख्य वृक्ष है?
• मानसूनी
• सदाबहार ✓
• मरुस्थलीय
• ज्वारीय

(ग) उत्तर प्रदेश में किस प्रकार के वन पाए जाते हैं ?
- सदाबहार
- ज्वारीय
- मानसूनी ✓
- मरुस्थलीय

(घ) मरुस्थलीय वन की वनस्पति है
- चीड़
- सुन्दरी
- चन्दन
- कैक्टस ✓

(घ) उत्तर प्रदेश में स्थित राष्ट्रीय उद्यान
- सिमलीपाल
- गिर
- दुधवा ✓
- राजाजी

https://www.evidyarthi.in/